**लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।**

**वित्त समिति की बैठक दिनांक 27 मार्च, 2026 का कार्यवृत्त।**

लखनऊ विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक आज दिनांक 27 मार्च, 2026 को अपरान्ह 2.00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में निम्नवत् अधिकारीगण उपस्थित रहे:—

| | | |
|---|---|---|
| 1. **प्रो0 जय प्रकाश सैनी** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. श्री विवेक कुमार सिंह | अपर निदेशक, पेंशन एवं कोषागार, प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 3. डॉ0 अश्विनी कुमार मिश्रा | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 4. डॉ0 भावना मिश्रा | कुलसचिव | सदस्य |
| 5. श्री विद्यानन्द त्रिपाठी | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6. श्रीमती हिमानी चौधरी | वित्त अधिकारी | सदस्य सचिव |

**बिन्दु सं0—01**

वित्त समिति की गत बैठक दिनाँक 05 फरवरी 2026 की अनुपालन आख्या समिति के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिस पर समिति द्वारा गत बैठक के समस्त बिन्दुओं पर उपलब्ध करायी गयी अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। चर्चा के उपरान्त उक्त अनुपालन आख्या पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—02**

**(क)** लखनऊ विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2026—27 के राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम एवं विकास निधि का आय—व्ययक समिति के समक्ष विचार—विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति के द्वारा आय—व्ययक का अवलोकन किया गया तथा उपकरण एवं फर्नीचर मद में प्राविधानित धनराशि 50.00 लाख एवं फर्नीचर मद में रू0 25.00 लाख को मा0 कुलपति जी द्वारा बढ़ाकर उपकरण मद में 1.50 करोड़ एवं फर्नीचर में 50 लाख का प्रावधान किये जाने का प्रस्ताव दिया गया जिस पर समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2026—27 के आय—व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ख)** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कला एवं शिल्प महाविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2026—27 के राजस्व/पूँजीगत/स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम का आय—व्ययक समिति के समक्ष विचार—विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0—03**

भाउराव देवरस शोधपीठ के नाम से संचालित कॉमर्स विभाग में संचालित शोधपीठ हेतु वित्तीय वर्ष 2026—27 हेतु तैयार किये गये बजट की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार—विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–04**

डॉ0 राम मनोहर लोहिया शोधपीठ, समाजशास्त्र विभाग में संचालित शोधपीठ हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु तैयार किये गये बजट की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–05**

पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, समाज कार्य विभाग में संचालित शोधपीठ हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु तैयार किये गये बजट की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–06**

कॉमर्स विभाग में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में संविदा पर कार्यरत शिक्षकों को यू.जी.सी. के अनुरूप वेतनमान दिये जाने से सम्बन्धित निम्नवत् प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गयाः–

उपरोक्त प्रस्ताव को वित्त समिति के विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया जिस पर समिति के द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए विश्वविद्यालय में चल रहे समस्त स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा शिक्षकों को एकरूपता प्रदान करते हुए यू.जी.सी. के अनुरूप असिस्टेंट प्रोफेसर को रू0 57,700/– प्रतिमाह वेतन दिये जाने हेतु सर्वसम्मति से सस्तुति प्रदान की गयी।

**बिन्दु सं0–07**

लखनऊ विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग में संचालित स्ववित्तपोषित बी.पी.एड., एवं एम.पी.एड. पाठ्यक्रम में सृजित किये जाने वाले पदों के सम्बन्ध में समिति के द्वारा विचार–विमर्श करते हुए यह निर्णय दिया गया कि अलग से पद सृजित करने की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है । विश्वविद्यालय में उपलब्ध मानव शक्ति के माध्यम से आवश्यकता के आधार पर कुलसचिव द्वारा अन्य विभागों से स्थानान्तरित कर कर्मी उपलब्ध कराये जायें।

**बिन्दु सं0–8**

लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2026–27 की केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रस्तुत किये गये बजट प्रस्ताव में संशोधन करते हुए पुनः अगली वित्त समिति के समक्ष रखे जाने के निर्देश दिये गये।

**बिन्दु सं0–9**

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे ऑन लाइन कोर्स वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु तैयार किये गये आय–व्ययक की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार–विमर्श करते हुए समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–10**

परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्कों की सुदृढ़ संरचना हेतु निर्धारण समिति का कार्यवृत्त दिनॉक 27.03.2026 को वित्त समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा कार्यवृत्त पर विचार–विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

## अन्य बिन्दु

**बिन्दु सं0–01**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में महात्मा गॉधी अन्तर्राष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ के नाम से स्थापित शोधपीठ हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए तैयार किये गये बजट की स्वीकृति प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति ने बजट प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

**बिन्दु सं0–02**

समन्वयक एम.ए./बी.ए. ज्योतिर्विज्ञान पाठ्यक्रम द्वारा सत्र 2025–26 के अतिथि प्रवक्ताओं के शिक्षकों का रू0 10,81,600/– मात्र का भुगतान एस0एफ0सी0 पूल खाते से भुगतान करने सम्बन्धी प्रस्ताव समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–03**

समन्वयक ज्योतिर्विज्ञान विभाग द्वारा ज्योतिर्विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य (संविदा) के 5 पदों को सृजित किये जाने हेतु दिये गये प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा कुलसचिव को एक समिति गठित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**बिन्दु सं0–04**

डॉ0 गीतांजलि मिश्रा, समन्वयक आई0पी0एम0 सेल के द्वारा दिये गये 17 पेटेंट का प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–05**

समन्वयक Hydrocarbon, Georesourses and Energy के द्वारा स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम Institute of Hydrocarbon, Georesourses and Energy में नियुक्त कोआर्डिनेटर एवं डिप्टी कोआर्डिनेटर का वेतन भुगतान स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमं से किये जाने हेतु प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा इसे अगली समिति में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**बिन्दु सं0–06**

डॉ0 चांदकी राम गौतम, प्रधान अन्वेषक भौतिकी विज्ञान विभाग को वित्तीय वर्ष 2022–23 में रिसर्च एण्ड डेवल्पमेंट परियोजना हेतु अनुदान प्राप्त हुआ था जिसमें क्रय किये जाने वाले उपकरण की तिथि विस्तारित करने हेतु पूर्व में वित्त समिति की बैठक दिनॉक 19.08.2023 के उपरान्त शासन को पत्र निर्गत किया गया था, किन्तु समय विस्तारित होने का कोई पत्र प्राप्त न होने के कारण उक्त भुगतान लम्बित है। उक्त परियोजना की 31 मार्च, 2026 अन्तिम तिथि है जिसमें उक्त भुगतान को वित्त समिति के माध्यम से अनुमोदित कराकर भुगतान किये जाने हेतु प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा भुगतान किये जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव को मा0 कार्य परिषद के समक्ष अनुमोदित कराने पर सहमति व्यक्त की।

**बिन्दु सं0–07**

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे LU Code ऑन लाइन कार्यक्रमों के संचालन हेतु विषय विशेषज्ञों द्वारा e-contents एवं e-tutorials के सम्बन्ध में यू.जी.सी. के दिशा–निर्देशों के अनुरूप मानदेय निर्धारित करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव । निदेशक, Lucknow University Center for Online and Distance Education (LUCODE) द्वारा तैयार किये गये अनुरोध पर विषय विशेषज्ञों को e-contents एवं e-tutorials तैयार करने हेतु प्रस्तावित मानदेय दरों से सम्बन्धित प्रस्ताव पर विचार–विमर्श करते हुए समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

(हिमानी चौधरी)
वित्त अधिकारी / सदस्य सचिव

अनुमोदित

(प्रो0 जय प्रकाश सैनी)
कुलपति / अध्यक्ष